(ख) अपेक्षित सूचना प्रस्तुत है:--

| वर्ष | चालान किये गए मामले | इन मामलों में चालान किए गए व्यक्ति |
|---|---|---|
| 1977 | 58 | 97 |
| 1978 | 58 | 101 |
| 1979 | 67 | 103 |

**योजना आयोग में अराजपत्रित तथा राजपत्रित कर्मचारियों की कुल संख्या**

7107. **श्री मूलचन्द डागा:** क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) योजना आयोग में 1971 में पृथक-पृथक कुल कितने अराजपत्रित और राजपत्रित कर्मचारी थे तथा उनके वेतन बिलों की क्रमश: राशि कितनी-कितनी थी और इस वर्ष उन्हें कितना समयोपरि भत्ता दिया गया; और

(ख) वर्ष 1979 में वहां पृथक-पृथक कुल कितने अराजपत्रित और राजपत्रित कर्मचारी थे तथा उनके वेतन बिलों की क्रमश: राशि कितनी-कितनी थी और 1979 में उन्हें कितना समयोपरि भत्ता दिया गया?

**योजना मंत्री (श्री नारायण दत्त तिवारी):** (क) और (ख). सभा पटल पर एक विवरण प्रस्तुत है।

**विवरण**

योजना आयोग में (कार्यक्रम मूल्यांकन संगठन सहित) वर्ष 1971-72 और 1979-80 में काम कर रहे कर्मचारियों की संख्या, उनके वेतन बिल और समयोपरि भत्ता

| वर्ष | कर्मचारियों की संख्या | | वेतन बिल (लाख रु०) | | समयोपरि भत्ता (लाख रु०) | जोड़ (लाख रु०) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अराजपत्रित | राजपत्रित | अराजपत्रित | राजपत्रित | अराजपत्रित | राजपत्रित |
| 1971-72 | 1276 | 440 | 61,07 | 46,44 | 3,01 | 110,52 |
| 1979-80 | 1322 | 481 | 111,77 | 82,29 | 2,00 | 196,06 |

**Pilfered arms and ammunition from ordinance factories found in encounters with dacoits**

7108. SHRI ANAND SINGH: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that in many encounters against dacoits in U.P. and M.P. the arms and ammunition recovered has been found to be from Indian Ordnance factories meant for army use only;

(b) if so, how many cases of pilferages from these factories or army depots have been detected and the action taken thereon; and

(c) any further steps Government are contemplating to check them?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI C. P. N. SINGH): (a) No such report has been received.

(b) and (c). Two cases of loss of ammunition from two Ammunition Depots were reported during 1979 and 1980. Departmental/Legal action has been taken against the persons involved. Instructions have also been issued to all Ammunition holding Depots for

exercising strict vigilance in the matter of security of Ammunition.

### त्रिनगर में उद्योग

7109. श्री मनी राम बागड़ी: क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) त्रिनगर (एक आवासीय कालोनी) दिल्ली-35 में कितने अधिकृत और अनधिकृत उद्योग चल रहे हैं ;

(ख) क्या अधिकतर उद्योग "आयल प्रीसिस" (कोल्हू आदि) जैसे लघु उद्योगों के लाइसेंस प्राप्त करके पी.वी.सी. (प्लास्टिक शू-मेकिंग), स्टील के बर्तनों पर पालिश करने आदि जैसे उद्योगों के रूप में चल रहे हैं ;

(ग) क्या क्षेत्र के निवासियों ने तथा एक सांसद ने इस विषय में उप राज्यपाल को लिखा है और उस पर क्या कार्यवाही की गई है ;

(घ) इन आवासीय क्षेत्रों से ऐसे उद्योगों को हटाने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए कि वहां नए उद्योग नहीं लगाए जाएंगे, क्या प्रयास किए जा रहे हैं; और

(ङ) क्या इस आवासीय क्षेत्र में विद्यमान उद्योगों में से अधिकतर उद्योगों को गर्म और ठण्डा करने संबंधी बिजली के कनेक्शन दिए हुए हैं?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चरनजीत चानना): (क) से (ङ). दिल्ली नगर निगम द्वारा भेजी गई जानकारी के अनुसार दिल्ली की त्रिनगर कालोनी में चलाए जा रहे एककों में 625 एकक लाइसेंस सुदा और लगभग 237 गैर-लाइसेंस सुदा हैं। एक किलो-वाट वाले पी. वी. सी. और प्लास्टिक उत्पादों और 2 कि. वाट वाले तेल धानी कारोबारों को घरेलू उद्योगों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। दिल्ली नगर निगम, दिल्ली इस अनिर्धारित क्षेत्र में इन कारोबारों के लिए लाइसेंस जारी करता रहा है बशर्ते कि इस बारे में निर्धारित की गई शर्तों को वे पूरा करते हैं। किन्तु, जब कभी नगर निगम के सामने हिंसा की वारदातें आयी हैं तब नगर निगम द्वारा लाइसेंसधारी को कारण बताओ नोटिस देने के बाद एकक के लाइसेंस को प्रतिसंहृत कर दिया गया है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अनिर्धारित क्षेत्रों से निर्धारित क्षेत्रों में उद्योगों का स्थानान्तरण करने की योजना बनायी है तथा वर्ष 1965, 1966, 1967, 1970 तथा 1976 में विभिन्न अवसरों पर आवेदन पत्र मांगे थे। इन आवेदन पत्रों की छानबीन कर लेने के बाद योग्य आवेदकों को अपने उद्योग निर्धारित क्षेत्र में ले जाने के लिए भूखंडों का आवंटन कर दिया गया है अथवा आवंटन किया जा रहा है। दिल्ली राज्य विद्युत बोर्ड ने त्रीनगर क्षेत्र में हीटिंग और कूलिंग उद्देश्यों हेतु बड़ी संख्या में घरेलू और वाणिज्यिक कनेक्शन दिए हैं।

### Harijan family attacked in Naini

7110. SHRI N. E. HORO: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a news item in the "Hindustan Times" dated the 8th July, 1980 to the effect that a Harijan and his five year old daughter were shot and his wife was seriously injured when a caste Hindu youth fired at them from range on the 6th July, 1980 in police circle Naini, and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI YOGENDRA MAKWANA): (a) Yes, Sir

(b) The details are being collected from the State Government and will be laid on the Table of the House.

### पुलिस कर्मचारियों की बहाली

7111. श्री टी. एस. नेगी : क्या गृह मंत्री पुलिस कर्मचारियों की बहाली के बारे में 9 जुलाई, 1980 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3485 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि.

(क) केन्द्रीय आरक्षी पुलिस दल कर्मचारियों द्वारा जून 1979 में आरम्भ किये गये आन्दोलन का ब्यौरा एवं तथ्य क्या हैं